हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

11 बवानीखेड़ा के पशु अस्पताल में 3 से 4 फुट तक बरसाती ...



12 श्राद्ध अमावस्या पर छह गायों की मौत ....



दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AWAS YOJNA

(Under Affordable Plotted Housing Policy 2016, Govt. of Haryana)

## 2/3 BHK LUXURY FLOORS

## IN RERA APPROVED TOWNSHIP

GURGAON MOST PROMISING ADDRESS SECTOR-35, SOUTH OF GURUGRAM

33% RESERVED FOR WOMEN & GOVT. EMPLOYEES



LOAN AVAILABLE | HDFC BANK We understand your world | ICICI Bank | SBI | Bank of India

## Pay ₹31,000 for Registration

Amount is Fully Refundable to unsuccessfull applicants

26th SEPTEMBER IS THE LAST DAY OF REGISTRATION

Unit Allocation Date
2nd October 2025 (Thursday)

### PAYMENT PLAN

| Type | Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. mtr.) | Registration Amount | Payment Within 5 Days | Payment Within 15 Days | 10% Within 30 Days | 20% Within a Month | 60% On Possession | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3BHK+3T | 1503 | 139.63 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 12,69,000 | ₹ 18,00,000 | ₹ 36,00,000 | ₹ 1,08,00,000 | ₹ 1,80,00,000 |
| 3BHK+2T | 1215 | 112.87 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,19,000 | ₹ 14,50,000 | ₹ 29,00,000 | ₹ 87,00,000 | ₹ 1,45,00,000 |

Any other charges levied by the Govt. & GST as applicable*

ATS to be executed after completion of 30% of payment

Most Trusted · Quality Construction · Timely Possession · Excellent Customer Service · Great Partnerships · Reputed · Transparent

**ADVANTAGES**

- Bang on Gurgaon - Sohna Expressway
- In Close Vicinity of 15000+ upcoming residential Units
- Close to Educational Hub and Schools like GD Goenka World School, K.R. Manglam, SCJ Academy etc.
- 30 Mins Drive from IGI Airport
- 20 Mins Drive from Cyber City
- 7 Mins Drive from Proposed Metro Rail Corridor
- 15 Mins Drive from Rajiv Chowk

**SPECIFICATIONS**

- Modular Kitchen - Chimney - HOB
- 1 Room Fully Furnished for Kids - AC in All Rooms
- Geyser (All Washrooms & Kitchen)
- Wardrobes in All Rooms
- Wooden Flooring in Master Bedroom
- False Ceiling in All Rooms
- 1 Year Maintenance Included

**AMENITIES**


Basketball Court


Yoga Lawn


kids Play Area


Badminton Court


Outdoor Gym


Club House

## For Online Registration

www.haryanadeendayalawasyojna.com

Call: +91-92112-82697

Scan QR Code with Google lens For Online Registration

## खबर संक्षेप


भिवानी। बैठक में युवाओं को रैली का निमंत्रण देते जिला अध्यक्ष।

### सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

**चरखी दादरी।** रोहतक में इनेलो द्वारा 25 सितंबर को पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जयंती पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। आज जिला दादरी के बस स्टैंड रोड स्थित कार्यालय में समारोह की तैयारियों को लेकर मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से रविंद्र फौगाट व अभिषेक फौगाट ने की। मीटिंग में रैली को लेकर विचार विमर्श किया। मीटिंग में जिला प्रधान सुबेसिंह अटेला, युवा जिला प्रधान बबलू श्योराण व राहुल मराठा ने कहा कि 25 सितंबर को युवाओं की अहम भागेदारी होगी।

### 112 किलोग्राम का कटेगा केकः गोठड़ा

**लोहारू।** पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती लोहारू में मनाई जाएगी। इस मौके पर 112 किलोग्राम का केक काटा जाएगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजक विजय सिंह गोठड़ा ने बताया कि 25 सितंबर को लोहारू कोर्ट के सामने ताऊ देवीलाल का जन्मदिन उनके समर्थकों धूमधाम से मनाएंगे।

## रोजमर्रा की वस्तुएं हुई काफी सस्ती

# प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी बड़ी सौगातः मंत्री

*देश की आर्थिक व्यवस्था तेजी से मजबूत होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि देशभर में नई जीएसटी व्यवस्था लागू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को त्योहारों पर एक बड़ी सौगात दी है। इससे देश के किसान, मध्यम और गरीब वर्ग के साथ-साथ आमजन, युवा और महिलाओं के जीवन में खुशहाली आएगी। देश की आर्थिक व्यवस्था तेजी से मजबूत होगी।

कैबिनेट मंत्री चौधरी सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि पहले टैक्स के चार स्लैब थे, जिसमें पांच प्रतिशत, 12, 18 और 28 प्रतिशत शामिल थे, लेकिन अब इनमें सुधार कर केवल दो स्लैब ही रखे गए हैं, जिनमें पांच और 12 प्रतिशत है। केवल सेहत के लिए हानिकारक वस्तुओं व लग्जरी सामान पर 40 प्रतिशत जीएसटी रखा गया है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल की जीएसटी की नई सरंचना में 12 प्रतिशत के स्लैब में 99 प्रतिशत तरह का सामान शामिल है 28 प्रतिशत के स्लैब में 90 प्रतिशत तरह का सामान शामिल था। ऐसे में हमारी रोजमर्रा की वस्तुएं काफी सस्ती हो गई हैं। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले सरकार ने मध्यम को राहत देते हुए 12 लाख रुपए तक टैक्स में छूट दी थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीएसटी में सुधार कर बड़ी गहनता व सोच विचार कर देश के आर्थिक विकास के मद्देनजर किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हर मामले में पूरी तरह से सक्षम है। जीएसटी की नई संरचना लागू करना राष्ट्र के विकास मे बहुत बड़ा सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी दूरगामी सोच के साथ देश हित में ठोस और कारगर निर्णय ले रहे हैं। प्रधानमंत्री के कूटनीति निर्णयों से भारत की आज दुनिया मे अलग ही पहचान है। उन्होंने आमजन को सर्वोपरि और देवो भवः माना है। उन्होंने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, जिसको पूरी दुनिया ने देखा। भारत आज एक नई ताकत के रूप में उभरा है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसान हित के लिए प्रतिबद्ध है। जलभराव की स्थिति में सरकार द्वारा जिला भिवानी में तोशाम क्षेत्र के गांव सागवान सहित अन्य क्षेत्रों से बारिश के पानी निकासी के लिए हर संभव पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा ई-क्षति पूर्ति पोर्टल पर आवेदन मांगे गए थे। इसी प्रकार से पानी से घरों या अन्य नुकसान के लिए सरकार ने मुआवजा राशि तय की है।


भिवानी। नई जीएसटी व्यवस्था लागू करने को लेकर पत्रकारों से बातचीत करती मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल व रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष विशालजीत, राजेश जांगड़ा व प्रदीप प्रजापत, एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, अमर सिंह हलवासिया, रामप्रताप शर्मा, मीनू अग्रवाल, प्रदीप गोलागढ़, दिलबाग नीमड़ी, परमजीत मड्डू, डॉ. जय सिंह वाल्मीकि, मुन्ना एमसी, महेंद्र चौहान, जीएसटी संयोजक सुभाष जिंदल, रेणूबाला, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, अंकित पालवास, नरेश ढिगावा, एडवोकेट ओमपाल पोटलिया सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।*

# ममता, शक्ति, प्रेम, त्याग के रूप में की जाती मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा : कृष्णानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। स्वामी कृष्णानंद सरस्वती का आशीर्वाद लेते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

मां दुर्गा शक्ति का रूप है। मां दुर्गा की ममता, शक्ति, प्रेम, त्याग के रूप में हिंदु समाज में पूजा-अर्चना की जाती है। मां दुर्गा को नौ रूपों में पूजा-अर्चना करते है, जिसमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री है तथा प्रत्येक दिन एक विशिष्ट रूप में समर्पित होता है, ये बात कृष्णा कॉलोनी स्थित तपोभूमि परमहंस योग आश्रम धाम में स्वामी कृष्णानंद सरस्वती ने भक्तों को कहे।

स्वामी कृष्णानंद ने बताया कि हमारे हिंदु समाज में मां दुर्गा को सबसे शक्तिशाली माना गया है। आज भी हिंदुस्तान के दूर-दराज के मंदिरों में मां की अखंड ज्योत जलती है। कई मंदिरों में ये ज्योति कहां से जल रही है, इसका पता भी नहीं। यह सब मां की शक्ति का ही रूप ही है। मानव के शरीर में 11 इंद्रियों का समावेश है। पांच ज्ञानेंद्र इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन इंद्री। यदि मनुष्य अपने इन इंद्रियों का सच्चे मन से ध्यान लगाकर पूजा-पाठ करें तो वह मनुष्य परमात्मा के बहुत नजदीक पहुंच सकता है।

मनुष्य को अपने मन में सात्विक विचार रखने चाहिए और नवरात्रों में मां देवी की पूजा-अर्चना करें। उन्होंने कहा कि एक स्त्री को विभिन्न रूपों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है।

## त्याग, तप और शक्ति के बल से हम बढ़ा सकते मनोबलः वसुधा

**भिवानी।** जीवन में आध्यात्मिकता को धारण कर देवियों से शक्ति ले अपनी सोच को सकारात्मक बना समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लें। तभी यह नवरात्रि का त्यौहार मनाना सार्थक होगा, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में नवरात्रि पर प्रातः बेला में सजाई गई चैतन्य देवी झांकी के महत्व को समझाते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस समय हर व्यक्ति मां दुर्गा व अन्य देवियों की आराधना व व्रत कर स्वयं में शुद्धता, पवित्रता की शक्ति से भरपूर अनुभव करता है। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि जो शुद्धता हम नवरात्रि के दिनों में करते हैं यह सदा के लिए जीवन में आ जाएं तो सामाजिक समस्याओं का समाधान सहज हो सकता है। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि शुद्धता स्वच्छता त्याग तप और शक्ति के बल से हम मनोबल को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा की शक्तिशाली मनोबल व सकारात्मक सोच के साथ हर समस्या विपदा का समाधान सहज हो सकता है। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि नवरात्रों में 9 दिन तक मां दुर्गा सरस्वती संतोषी आदि देवियों को मां- मां कहकर पूजा करते हैं।


भिवानी। नवरात्रि पर चैतन्य देवी झांकी प्रस्तुत करती प्रतिभागी।

क्योंकि मां शब्द में ममता समाई हुई है और मां सदा अपनी छत्रछाया में सुरक्षित रखती है गिरते हुए को उठा गले से लगा शक्ति भरती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की परिस्थितियों को देखते हुए हमें अपने तन मन संकल्प को शुद्ध पवित्र बना दिव्या गुणों की धारण कर स्वयं शक्तिशाली बन मानव जाति को शक्तिशाली बनाना होगा। यह तभी संभव है जब हम आध्यात्मिकता व मेडिटेशन को जीवन का अभिन्नअंग बना ले तभी हम समाज व राष्ट्र का नव निर्माण कर सकते हैं।

# संज्ञान में आते ही डीसी ने रामकुंज मार्केट से तुरंत करवाया समस्या का समाधान

**नागरिकों से डीसी की अपील- बरसाती पानी निकासी या सीवरेज**

- कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


हांसी गेट स्थित रामकुंज मार्केट में सीवरेज समस्या का मामला सोमवार को जैसे ही डीसी साहिल गुप्ता ने संज्ञान में आया, उसके साथ ही डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सीवरेज के होद की सफाई की, जिसमें किसी ने मिट्टी से भरा कट्टा डालकर अवरुद्ध किया हुआ था। डीसी गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सीवरेज व बरसाती पानी निकासी के नालों में कूड़ा-कचरा डालकर उनको अवरुद्ध ना करें। उल्लेखनीय है कि रामकुंज मार्केट क्षेत्र के दुकानदारों ने डीसी गुप्ता को पत्र भेजकर अवगत करवाया कि उनके क्षेत्र में सीवरेज सिस्टम जाम है। इससे गंदा पानी गलियों में आ गया है, जिससे यहां लोगों का निकलना दूभर हो गया है। वहीं उनका काम-काज भी प्रभावित हो रहा है। गंदगी से भरे जूते-चप्पलों के साथ दुकानों में जाना पड़ रहा है वहीं वाहनों से गंदगी के छींटे भी दुकानों में आते हैं। डीसी ने समस्या को गंभीरता से लिया और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी के आदेश मिलते ही कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने पाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सीवरेज के निजी होद में मिट्टी से भरा कट्टा डाला हुआ था, जिससे पानी नाला अवरुद्ध था। उसको बाहर निकाला गया है।

# मुनादी के बाद भी एक दर्जन गायों का जीवन संकट में, एक मरी

*पुरी हलवा खिलाने पर हो जाता है अफारा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में हर बार की भांति सोमवार को भी लगभग एक दर्जन गायों की सांसे अटक गई और एक गौ माता ने अपना दम तोड़ दिया हालांकि गौसेवक सतपाल शर्मा, हरिकेश शर्मा द्वारा नगर पालिका से अनाउंसमेंट का आग्रह किया था जिसके चलते नपा सचिव संदीप गर्ग द्वारा कर्मचारियों को आदेश देकर जनता को जागरूक करने व पितरपख पर गायों को पुरी हलवा न खिलाने की बजाए हरा चारा खिलाने का आहवान किया था। लेकिन भक्तजन पुण्य की बजाए पाप के भागी बनते हुए दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि पितरपख व अवधि है जिसमें हिंदू लोग अपने पितरों को श्रद्धाभाव से स्मरण करते हैं और पिंडदान भी करते हैं। भागवत गीता के अनुसार पितरों को पूजने वाले और परमात्मा को पूजने वालों को परमात्मा प्राप्त होते हैं। लेकिन इस पूजन में भक्तजन गायों को पुरी हलवा खिलाते हैं और इस बार भी वही हुआ। गायों को धर्म कमाने की एवज में पुरी हलवा खिलाने पर गौ माता में अफारा आ गया और सांस लेना दुभर हो गया। जिसके चलते लगभग एक दर्जन गौ माता की सांसें अटक गई।


बवानीखेड़ा। गौशाला में गौ माता का इलाज करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## ‘वोट चोरी’ देश का मुद्दा, सबको मिलकर लड़ना होगाः दलीप



भिवानी। शहीद भगतसिंह चौक पर वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह चौक पर ‘वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन’ 31वें दिन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शनकारियों में हरपाल, उमेद सिंह घनघस, जयनारायण, सोमवीर शेषमा, मुनीष मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शन हररोज शाम 6 बजे से 7:30 तक राहुल गांधी द्वारा उठाई गई ‘वोट अधिकार’ की आवाज को बुलंद करने एवं जन-जन तक प्रचार प्रसार के लिए किया जाता है। प्रदर्शन के दौरान मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया कि राहुल गांधी ने भाजपा सरकार व चुनाव आयोग की मिली भगत से खेले जा रहे ‘वोट चोरी’ के खेल को उजागर करते हुए लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने की ओर कदम बढ़ाए हैं, लेकिन वोट चोरी किसी एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं है। वोट चोरी देश का मुद्दा है और सबको मिलकर लड़ना होगा।


भिवानी। हवन में आहुति डालते महंत चरणदास महाराज व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## हनुमान जोहड़ी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा हवन के साथ संपन्न

- श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से होती मोक्ष की प्राप्तिः महंत चरणरदास

**भिवानी।** हनुमान जोहड़ी मंदिर में पितृ पक्ष पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का विधिवत हवन के साथ समापन हो गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भक्तों ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पुजारी ध्यानदास महाराज ने बताया कि पितृ पक्ष में पितरों की शांति के लिए किया था। कथावाचक पंडित विजय भारद्वाज ने अपनी मधुर और धाराप्रवाह शैली से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने सुदामा चरित्र और यदुवंश के उद्धार की कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा के अंतिम दिन उन्होंने कलयुग में भगवान के नाम संकीर्तन के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे भक्तों में भक्ति और वैराग्य की भावना का संचार हुआ। बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कवि, संत और गुरु की महिमा का वर्णन किया और बताया कि कैसे इन सभी की शिक्षा से जीवन में सही मार्ग पर चला जा सकता है।

# संविधान सभा निर्मात्री सभा के सचिव पद्मश्री डा. रत्नप्पा को किया नमन

*डॉ. रत्नप्पा की जीवनी स्कूली किताबों में पढ़ाए जाने की आवश्यकताः कामरेड ओमप्रकाश*

- पद्मश्री डॉ. रत्नप्पा के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय संविधान, सुरक्षा, और सद्भावना के महान समर्थक संविधान निर्मात्री सभा के सचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मश्री डॉ. रत्नप्पा की 117वीं जयंती पर सेवा नगर स्थित श्रीसेन धर्मशाला में विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम मुलनिवसी संघ और मुलनिवसी सभ्यता संघ ने संयुक्त रूप से आयोजित किया, जिसका मुख्य विषय पद्मश्री डॉ. रत्नप्पा का सामाजिक जीवन संघर्ष व योगदान था। कार्यक्रम मे अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिन्होंने डॉ. रत्नप्पा के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। गोष्ठी के मुख्य अतिथि शांता कुमार आर्य मुख्य संरक्षक पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा ने डॉ. रत्नप्पा के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर बात की और बताया कि कैसे उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने डॉ. रत्नप्पा के समाज के प्रति समर्पण की सराहना की और युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के संविधान में सामाजिक समरसता और भाईचारे के बीज उनके अनुभवों की ही देन है। सर्व समाज कार्य के लिए 1985 में उन्हे पदम्श्री की उपाधि से नवाजा गया। वे सांसद, विधायक एवं मंत्री पद पर भी रहे। उनकी याद में उनके नाम पर देशभक्त रत्नाप्पा कुंभार कॉलेज ऑफ कामर्स कोल्हापुर में स्थापित है। विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार सांझा किए। प्रमुख वक्ता कामरेड ओमप्रकाश ने डॉ. रत्नप्पा के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर जोर दिया। डा. रत्नप्पा कुंभार ने अपने कार्यकाल में औद्योगिक एवं कृषि क्रांति के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए। डा. रत्नप्पा की जीवनी स्कूली किताबों में पढ़ाए जाने की जरूरत है, ताकि देश का प्रत्येक नागरिक उनकी जीवनगाथा, त्याग एवं संघर्ष से रूबरू हो सकें। विनोद कटारिया, अजय दहिया, हरिचंद पूर्व लेक्चरर, डीपी वर्मा, महावीर प्रसाद, गोपालदास कश्यप, डॉ. रतन कौर ने डॉ. रत्नप्पा के सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को उजागर किया।



भिवानी। सेवा नगर श्रीसेन धर्मशाला में विचार गोष्ठी में मौजूद विभिन्न संगठनों के लोग।



भिवानी। शिविर का उद्घाटन करते नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी।

## श्रमिकों के योगदान के बिना उद्योग व विकास कार्य असंभव : सैनी

**चरखी दादरी।** किसी भी देश की अर्थव्यवस्था अनेक उत्पादों, उद्योगों, कृषि व अन्य संसाधानों पर टिकी होती है, इन सभी द्वारा लगातार विकास कार्यों के जरिए देश को आगे ले जाने में सहयोग दिया जाता है। इन सभी व्यवस्थाओं में मूल रूप से श्रमिकों का योगदान हमेशा से ही इतिहास में रहता आया है और आगे भी रहेगा, ये बात नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने कही। चेयरमैन सैनी घिकाड़ा रोड स्थित लेबर एंड एम्लोयमेंट मंत्रालय द्वारा संचालित ईएसआई डिस्पेंसरी में श्रम आयुक्त हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार विशेष तौर पर ईएसआई बीमाकृत श्रमिकों व उनके परिजनों के लिए आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में बतौर मुख्यतिथि शिरकत कर रहे थे। सैनी ने कहा कि श्रमिकों के योगदान के बिना उद्योग व विकास कार्य असंभव हैं, चाहे कोई भी उद्योग हो या अन्य कार्य श्रमिकों द्वारा उसे आगे बढाने के लिए अपना प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहता है, श्रमिकों के बिना विकास की कल्पना करनी कठिन है, इसलिए एक श्रमिक के स्वास्थ्य को सही रखने के लिए सहयोग करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

**आयोजन** नशे से दूर रहते हुए अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाए युवा : विरेंद्र कौशिक

# युवा रन मैराथन से युवाओं ने दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को स्थानीय भीम स्टेडियम में नमो युवा रन मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित करना था।

भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने नशा मुक्त समाज-नशा मुक्त राष्ट्र का संदेश देते हुए दौड़ लगाई। मैराथन को रवाना करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाना बहुत महत्वपूर्ण है। इस मैराथन के माध्यम से हम युवाओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वे अपनी ऊर्जा को समाज और राष्ट्र के हित में लगाएं। कौशिक ने यह भी बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक जिले भर में विभिन्न सामाजिक कार्य आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल समाज का उत्थान करना है, बल्कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को भी हर व्यक्ति तक पहुंचाना है।



भिवानी। जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि यह मैराथन सिर्फ एक दौड़ नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रयास था। नमो रन की प्रदेश सहसंयोजक सरोज सिहाग ने कहा कि मैराथन के माध्यम से युवाओं को एक मंच प्रदान किया ताकि वे एक स्वस्थ और नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए अपनी आवाज उठा सकें। इस अवसर पर मीना परमार, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल व रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष विशाल जीत सिंह, राजेश जांगड़ा, रमेश, उमेद गुज्जर, डीएसओ विद्यानंद, अंकित पालुवास, रेणू बाला सैनी, दिनेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किरण चौधरी के अनुभव से नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफॉर्म की पहल को नई दिशा और मजबूती मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पार्टी स्तर पर नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफॉर्म अभियान को गति देने के लिए विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में संयोजकों की नियुक्तियां की हैं। इसी कड़ी में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश नेतृत्व के इस फैसले का स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि किरण चौधरी को मिली यह नई जिम्मेवारी संगठन की दूरदर्शिता को दर्शाती है। उन्होंने इसे आमजन के हित में उठाया गया एक सराहनीय व सूझ-बूझ भरा कदम बताया।

उन्होंने कहा कि किरण चौधरी के अनुभव और जनता से गहरे जुड़ाव से नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफॉर्म की पहल को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने भी किरण चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि वे तथा उनकी पुत्री सिंचाइ मंत्री श्रुति चौधरी हमेशा जनता की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए तत्पर रही हैं।


भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि।

**बेदखली सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री मान सिंह निवासी गांव दिनोद तहसील व जिला भिवानी बयान करता हूँ मेरी पुत्री मुस्कान (सिद्धि) मेरे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैं मेरी पुत्री मुस्कान (सिद्धि) को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

10 मुनादी के बाद भी एक दर्जन गायों का जीवन संकट में...



12 श्राद्ध अमावस्या पर छह गायों की मौत ....






## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते सात आरोपी काबू,53 हजार बरामद

**चरखी दादरी।** पुलिस ने गांव बालरोड़ नहर के पास से सात युवकों को जुआ खेलते गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मौके पर आरोपियों से 53 हजार 800 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर सात युवकों को जुआ खेलते काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान हंसराज, अनिल, हीरालाल, जितेन्द्र निवासी चांगरोड़, राजकुमार, अमित निवासी बालरोड़ व सुमित निवासी गांव बधवाना के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से 53 रुपये भी बरामद कर लिए हैं।

### सरकार की लापरवाही से किसान परेशानः ऋषिपाल

**चरखी दादरी।** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने दादरी जिले में डीएपी खाद की भारी कमी को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतिगत लापरवाही के कारण किसान दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने समय रहते इस संकट के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसकारण किसान डीएपी खाद की तलाश में कॉपरेटिव सोसाइटी एवं बाजारों में भटक रहे हैं, लेकिन किसानो को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

# बवानीखेड़ा के पशु अस्पताल में 3 से 4 फुट तक बरसाती पानी जमा

## प्रतिदिन लगभग एक दर्जन पशुपालक पशुओं का इलाज करवाने आते

■ चिकित्सकों को फुटपाथ पर बैठकर करना पड़ता है इलाज

■ नगर पालिका प्रशासन से किया पत्राचार, अभी नहीं हुआ समाधान

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के पशु अस्पताल में लगभग तीन से चार फुट तक बरसाती पानी जमा है वहीं अस्पताल में लगभग एक दर्जन से अधिक पशु पालन अपने पशुओं का भिन्न-भिन्न बीमारियों का इलाज करवाने के लिए अस्पताल में आते हैं लेकिन चिकित्सकों के लिए मजबूर है कि पशु अस्पताल में वे इलाज नहीं कर पाते और फुटपाथ पर बैठकर उनका इलाज करते हैं। समस्या तब और बढ़ जाती है जब कोई बिगड़ैल पशु का इलाज किया जाता है तो वह चिकित्सक को मारने पर आमदा हो जाता है। ऐसे पशु का इलाज करना भी जरूरी है और साथ में खुद को बचाए रखना भी जरूरी है लेकिन ये कब तक होगा पता नहीं।

### अस्पताल में हैं 6 कर्मचारी

बवानी खेड़ा पशु अस्पताल में मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. विनोद सिवाच ने बताया कि उनके अस्पताल में दो वीएलडीए, एक बीएलईयू व दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। अत्याधिक बारिश के कारण उनके अस्पताल में तीन से चार फुट पानी जमा है। बारिश अधिक जमा होने से पहले ही उन्होंने अपने अस्पताल के पांचों कमरों में अलमारी को ईटों के उपर रख दिया और दवाओं को भी ऊँचे स्थानों पर रख दिया ताकि ये दवाइयां नष्ट न हो जाए। लेकिन पानी ने अपनी जगह बनाई और सब कुछ अपने में समेट लिया।

**उच्चाधिकारियों को अवगत करवायाः** बवानी खेड़ा पशु अस्पताल में मुख्य पशु चिकित्सक डॉ.. विनोद सिवाच की मानें तो उन्होंने पानी निकासी के लिए नगर पालिका सचिव, प्रधान को इसके बारे में पत्राचार किया है और अपने विभाग के उच्चाधिकारियों को भी इसके बारे में अवगत कराया है लेकिन अभी तक कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कई बार अस्पताल भवन में पानी के उपर काई होने पर पानी में पांव रखने से भी भय लगता है। लेकिन पशुओं का इलाज करने के लिए दवा लाना भी जरूरी होता है। अस्पताल में लंबे समय से पानी भरा हे।



बवानीखेड़ा। पशु अस्पताल परिसर में जमा बारिश का पानी का दृश्य।

### पांचों कमरों में है लबालब पानी

बवानी खेड़ा पशु अस्पताल में पांचों कमरों में लबालब पानी जमा है लेकिन मजबूरीवश पशुओं का फुटपाथ पर बैठकर उपचार करना पड़ रहा है। मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. विनोद सिवाच ने बताया कि उनके लिए समस्या और अधिक तब बढ़ जाती है जब कुछ बिगड़ैल पशु ईलाज के दौरान उन पर हमला कर देता है और उन्हें अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है क्योंकि पशु को अपनी गिरफ्त में करने वाले सारे संसाधन अस्पताल में पानी में डूबे हैं। उन्होंने विभाग से पानी निकासी के लिए पत्राचार किया है ताकि इसकी निकासी हो सके और वे पशुओं का सही उपचार कर सकें।



भिवानी। वैश्य कॉलेज में सेवा संकल्प की शपथ लेते स्वयंसेवक।

# स्वयंसेवकों को दिलाई 'सेवा संकल्प' की शपथ

■ जेसीआई ने सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस कैप व बैज देने का ऐलान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों को 'सेवा संकल्प' की शपथ दिलवाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, जेसीआई भिवानी डायमंड ग्रुप के पदाधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ. मोहनलाल ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. गोयल ने अपने स्वागतीय उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से चलाई गई मुहिम न केवल नई पीढ़ियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाने वाली है, बल्कि हमारी संस्कृति एवं विभिन्न जनसेवी प्रकल्पों के माध्यम से सामाजिक ताने-बाने को संजोकर रखती हैं।

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वयंसेवकों को शपथ दिलाते हुए जेसीआई ने सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस कैप व बैज देने का ऐलान किया। कार्यक्रम अधिकारियों ने जेसीआई के अलावा 13 स्वयंसेवकों ने एक महीने तक हनुमान ढाणी में बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने की शपथ ली। वहीं स्वयंसेविका छवि ने बाल शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हुए महत्वपूर्ण पहल की। उन्होंने बाल मजदूरी रोकने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए 10 स्वयंसेवकों की एक टीम के साथ भिवानी और चरखी दादरी में अभियान शुरू किया। अभियान का उद्देश्य भट्टों, ढाबों और घरों में काम कर रहे छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



बहल। मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

# देवी मंदिर के परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को बहल भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने कस्बे के देवी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पूरे परिसर को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में बीआरसीएम स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। सोमवार को सफाई अभियान में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, जयकुमार शर्मा, सुशील चहड़िया, कैलाश गोयनका, प्रमोद अग्रवाल, कृष्ण कुमार सांखला, रमाकांत महमिया, शिव कुमार गोस्वामी, विपिन नांधा, सुरेश लोहार सहित अन्य लोग शामिल रहे। बीआरसीएम स्कूल की छात्रओं ने सफाई कार्य में योगदान दिया।इस मौके पर बहल के पूर्व सरपंच एवं जिला सयोंजक पंचायती राज प्रकोष्ठ गजानंद अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य सिर्फ सफाई करना ही नहीं बल्कि समाज में सामूहिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सेवा और स्वच्छता दोनों ही हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं।

# मुख्यमंत्री 25 को करेंगे दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की एप का शुभारंभ

■ पंजीकरण प्रकिया होगी शुरू, महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये महीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कदम और आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए 25 सितंबर को महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत करने जा रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल एप का पंचकूला से शुभारम्भ करेंगे। इसी दिन राज्य के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यतिथि होंगे तथा विधायक सुनील सतपाल सांगवान व उमेद पातुवास उपमंडल पर मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर पात्र महिलाओं को महीने के 2100 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना है। योजना के लिए आवश्यक एप के शुभारंभ के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए सभी स्वास्थ्य जांच केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। योजना की पात्र महिलाओं से क्रीड की टीम संपर्क कर पंजीकरण के लिए प्रेरित करेगी तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्वास्थ्य जांच शिविरों के लिए महिलाओं को प्रेरित किया जाएगा।




### ये होंगे पात्र

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। वह कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। इसके अलावा परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कैंसर पीड़ित महिला, दुलर्भ बीमारियों से ग्रसित महिला, हीमोफीलिया, थैलेसिमिया, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिला जो पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पैंशन का लाभ ले रही है वह भी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र हैं।

### भाजपा नेता शंकर धूपड़ की माता के निधन पर अनेक लोगों ने जताया शोक

**भिवानी।** भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य अधिवक्ता शंकर धूपड़ के स्थानीय घोसियान चौक स्थित आवास उनकी माता सावित्री देवी के निधन पर शोक जताने सोमवार को विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोग पहुंचे तथा सावित्री देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर संगठन प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, हांसी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, मनोज ढ़ाणा, रविंद्र बापोड़ा, सरोज सिहाग, नंदराम धानिया, शिवकुमार पाराशर, अधिवक्ता दीपक तंवर, सुनील तलेजा, सुनील वर्मा नंबरदार, अनुप, आत्मा राम पूर्व संघ चालक, जिला मुख्य मार्ग प्रमुख, शिवराज बागड़ी, सोनू सैनी सहित अनेक लोगों ने सावित्री देवी के निधन पर शोक जताया।

### सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन,100 का स्वास्थ्य जांचा

**भिवानी।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भिवानी के अंचल हॉस्पिटल द्वारा हुडा पार्क में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने किया, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। इस शिविर में लगभग 100 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई, जिसमें रक्तचाप (बीपी) और मधुमेह (शुगर) की जांच प्रमुख थी। यह शिविर पूरी तरह से निःशुल्क था, जिससे समाज के हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ उठाने का अवसर मिला। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा जिला इकाई की एक पहल थी।

# शहीदों एवं महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कस्बा बौंदकलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस, राव तुलाराम जयंती व महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई।

विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने हरियाणा के वीर शहीदों, राव तुलाराम व महाराजा अग्रसेन को याद करते हुए नमन किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। निदेशक प्रताप सिंह यादव ने विद्यार्थियों को राव तुलाराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालकर उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश सेवा, देशहित के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। आज हम खुले आसमान के नीचे खुली हवा में सांस ले रहे हैं।



भिवानी। शहीदों को श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## स्टार खिलाड़ी जसपाल भारत व हरियाणा का नाम करेगा रोशनः विजय

# ओलंपिक में दमखम दिखाएगा आस्था स्पेशल स्कूल का छात्र

■ टोक्यो जापान डेफ ओलंपिक के लिए जसपाल का चयन, स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों में खुशी



भिवानी। टोक्यो जापाल डेफ ओलंपिक में चयन होने पर जसपाल का अभिनंदन करते शिक्षक व दिव्यांग विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सिटी स्टेशन स्थित आस्था स्पेशल स्कूल के मूकबधिर जसपाल का 25वीं ग्रीष्मकालीन डेफ ओलंपिक टोक्यो जापान के लिए चयन हुआ हैं। जसपाल के चयन होने पर आस्था स्पेशल स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों व दिव्यांग बच्चों ने खुशी मनाई और जसपाल का अभिनंदन किया। स्कूल की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि टोक्यो जापान में अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद द्वारा 15 नवंबर से 26 नवंबर तक 25वीं ग्रीष्मकालीन डेफ ओलंपिक गेम्स करवाए जाएंगे, जिसमें हमारे स्टार खिलाड़ी मूकबधिर जसपाल का डिस्कस थ्रो में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में खेल में दो दिव्यांग बधिर बच्चों का चयन हुआ है और इस खेल के लिए चयन प्रक्रिया गुजरात के अहमदाबाद में डिस्कस थ्रो खेला गया। इस दौरान जसपाल ने 43.63 मीटर डिस्कस फेंककर अपना स्थान निश्चित किया। उन्होंने कहा कि होनहार दिव्यांग जसपाल टोक्यो जापान में गोल्ड मेडल जीतकर देश, प्रदेश व भिवानी का नाम रोशन करेगा। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने जसपाल को आशीर्वाद देते हुए बताया कि हमारा होनहार स्टार खिलाड़ी जसपाल हरियाणा व भारत का प्रतिनिधित्व कर डिस्कस थ्रो में दमखम दिखाकर अपनी ऊर्जा को बिखेर कर मेडल हासिल करेगा। डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ ने जसपाल और संस्था की प्राचार्य एवं संस्थापक को बधाई देते हुए बताया कि ये इस दंपति के जुनून का परिणाम है। इनके माध्यम से बच्चों का हौसला बढ़ाना और प्रतियोगिता की तरफ उभारना जो समाज में उदाहरण है। इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों ने जसपाल को शुभकामनाओं के साथ मिठाई खिलाकर, खुशियां मनाकर मेडल जीतने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बाजरे की सरकारी खरीद तुरंत शुरू करे सरकारः कामरेड ओमप्रकाश



■ बाढ़ से प्रभावित लोगों को उचित सहायता दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

माकपा जिला कमेटी ने बाढ़ व बारिश से प्रभावित लोगों के लिए उचित सहायता राशि की घोषणा न करने व सहायता में देरी करने की कड़ी आलोचना की है।

माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस साल मानसून सीजन में विशेषज्ञों द्वारा सामान्य से अधिक बारिश होने की पूर्व सूचनाएं दी गई थी। यह सूचनाएं सही साबित हुई और प्रदेश में सामान्य से 48 फीसद बारिश अधिक होने की बात बताई जा रही है। राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा समय रहते ड्रेनों, नालों व नहरों की सफाई के पुख्ता प्रबंध न करने और भारी बारिश की पूर्व चेतावनी को नजरअंदाज करने के कारण लोगों को जान माल का अत्यधिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि नव उदारीकरण की नीतियों के चलते कृषि पहले ही संकट की चपेट में है।

श्री अग्रवाल सभा भिवानी ने 25 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

# समाज में सभी को समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर देते हैं महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत: सर्राफ

## सम्मान समारोह के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी द्वारा आयोजित 16 दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन चौक पर हुए इस माल्यार्पण समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और उनके सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। समारोह में विधायक घनश्याम सर्राफ की धर्मपत्नी प्रेमलता सर्राफ और सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की।

**खास बातें**

- महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत माल्यार्पण एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शिक्षा प्रगति का माध्यम**

श्री अग्रवाल सभा के प्रधान सुनील सर्राफ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रेमलता सर्राफ व मोहित चौधरी ने महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों समाजवाद और आपसी सहयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अग्रसेन महाराज ने एक ईंट और एक रुपया का सिद्धांत दिया था, जो समाज में सभी को समान रूप से आगे बढने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो समाज को प्रगति के पथ पर ले जा सकता है। इस मौके पर प्रधान सुनील सर्राफ ने कहा कि सम्मान समारोह के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देना था, ताकि भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस दौरान, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 25 विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत का फल है, बल्कि यह दूसरों को भी प्रेरित करेगा।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

**ये रहे मोजूद**

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन के मूल्यों को दर्शाने के साथ समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत बनाते है। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर महासचिव दीवाकर जैन, कोषाध्यक्ष मनीष वैद, उपप्रधान प्रकाश मित्तल, सह सचिव मनीष मैढावाला, रामदेव तायल, मुरारीलाल तौला, प्रदीप बंसल पीटीसी प्रिंटर्स, प्रवीण गर्ग, अधिवक्ता सुरेंद्र जैन, हरिराम खिचूका,सनी मित्तल , अनिल तायल तोशामिया भी मौजूद रहे।

# मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

- रोहतक गेट इलाके में गिर गया था फोन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

सोमवार को एक आरएसएओ (यातायात) मोबाइल लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। पीड़ित ने मोबाइल लौटाने वाले युवक का तहेदिल से आभार जताया। जानकारी के अनुसार शहरवासी दिनेश कुमार का रोहतक गेट इलाके में मोबाइल गिर गया। वहीं पर डयूटी दे रहे आरएसओ (यातायात) निखिल ने को मोबाइल मिल गया।


भिवानी। असल मालिक को मोबाइल फोन लौटाते हुए। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने किसी तरह से मोबाइल के असल मालिक तक सम्पर्क किया और आज मोबाइल मालिक दिनेश कुमार को मोबाइल सौंप दिया। इस मौके पर शर्मा कुलबीर, सदम, संदीप कुमार, एसपीओ नरेंद्र, युद्धबीर आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### अनिश्चितकालीन महापड़ाव रहा जारी

**लोहारू।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा उपमंडल कार्यालय परिसर में चल रहे अनिश्चितकालीन महापड़ाव के 69वें दिन अपने संबोधन में धर्मपाल बारवास ने हरियाणा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभा में कपास बीमा क्लेम का मुद्दा सांसदों और विधायकों द्वारा उठाए जाने के बाबजूद सरकार चुप है और किसान इस काम के समय में धरने पर बैठे हुए हैं। सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। सोमवार को किसानों के धरने को सूरजभान गिगनाऊ, अमर सिंह फरटिया, धर्म पाल फरटिया केहर, कृष्ण बिधनोई, धर्म पाल बारवास, मास्टर उमराव सिंह, शेरसिंह झांझड़ा हसनपुर, सुरेंद्र गोपाल वास, सूबेदार धनपत आदि ने संबोधित किया।

### सम्मान रैली उतरी भारत की राजनीति की दिशा

**बाढड़ा।** पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल ने सदैव गरीब किसान मजदूर परिवार के बेटों को पीएम की कुर्सी पर पहुंचाया जिसके कारण हर वर्ग उनकी नीतियो को आज भी नमन कर रहा है। उनके जन्मदिवस पर 25 सितंबर को रोहतक में होने वाली स मान रैली राजनीति में नया इतिहास रचेगी और यह किसान व कमेरे वर्ग की राजनीति को नई दिशा व दशा तय करेगी। यह बात इनेलो जिला प्रभारी व पूर्व चेयरमैन विजय पंचगावां व पिंकी कोच दुधवा ने दर्जन भर गांवों में सम्मान रैली की तैयारियों की समक्षा करते हुए कही।


बाढड़ा। पैक्स के बाहर लगी खाद के लिए किसानों की भीड़। फोटो: हरिभूमि

खाद के लिए मारामारी

# 14 गांवों के पैक्स पर मात्र 14 सौ बैग पहुंचे

- सुबह पांच बजे से शाम तक धक्कामुक्की होती रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढड़ा

उपमंडल क्षेत्र में रबी सीजन की फसलों की बिजाई का समय ज्यों ज्यों नजदीक आ रहा है किसानों में डीएपी खाद व बीज पाने के लिए धैर्य जवाब देने लगा है और खाद बिक्री केन्द्रों पर भारी भीड़ पहुंच जाती है जिससे किसानों व बिक्री अधिकारियों में जुतमपैजार होना आम बात हो गई है। क्षेत्र के 14 गांवों के लिए संचालित कारी धारणी पैास केन्द्र पर सोमवार को ज्योंही 14 सौ बैग पहुंचे तो सभी गांवों के आठ सौ से एक हजार किसानों की भारी भीड़ पहुंच गई और सुबह पांच बजे से शाम तक धक्कामुक्की के बीच पहले टोकन वितरण कर उनको शाम तक पहले दो दो व फिर एक बैग देकर जल्द ही और खाद आने की बात कहकर किसानों को शांत किया। गांव कारी प्राथमिक सहकारी समिति से गांव कारीदास, कारी धारणी, कारी रुपा, कारी मोद, गोपी, पंचगावां, काकड़ौली हुक्मी, द्वारका आदि गांवों के लगभग 14 सौ किसानों को खाद बीज मुहैया करवाने की जिम्मेवारी दी गई है लेकिन यहां पर मात्र पांच सौ बैगों की ही आपूर्ति होने के बाद आज ज्योंही 14 सौ बैगों की आपूर्ति पहुंची तो किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई और खाद लेने के लिए धक्का मुक्की होने लगी।

**अगेती सरसों की बिजाई के लिए खाद की सख्त जरूरत**

युवा किसान संदीप सांगवान, सरपंच बलजीत सिंह, सुरेश साहब, सूबेदार महिपाल स्वामी, राजेश सरपंच, बंसीलाल, विकास, नवीन डाडमा आदि क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उनके क्षेत्र में खरीफ सीजन की कपास, ग्वार व बाजरे की फसलें पूरी तरह खराबें की भेंट चढ गई थी जिसके बाद किसानों ने जल्दी जल्दी खेतों को खाली कर दिया है और अब सभी रेतीले क्षेत्र में अगेती सरसों की जुटाई में जुटे हैं लेकिन उनको मौजूदा समय में डीएपी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

कच्चा, तला हुआ और क्षमता से अधिक अनाज खिलाने से हुई दुर्घटना

पितरों के वंशज पुण्य की बजाय बन गए पाप के भागीदार

# श्राद्ध अमावस्या पर छह गायों की मौत व 26 बीमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

21 सितंबर को श्राद्धों की अमावस्या पर गोवंश की जान बचाने को गोरक्षा दल के सदस्यों व नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने लाख प्रयास किए। इसके बावजूद श्राद्धों की अमावस्या पर छह गोवंश की मौत हो गई और 26 गाय बीमार हैं, जो जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं। गोरक्षा दल ने नप प्रशासन, नगर पार्षदों को साथ लेकर गाय को कच्चा, तला हुआ और क्षमता से अधिक अनाज नहीं खिलाने के प्रति जागरूक करने को जागरूकता अभियान चलाया, लेकिन लोगों ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए अमावस्या निकाली और गोवंश को क्षमता से अधिक गोग्रास खिलाकर पुण्य की बजाय पाप के भागी बनने का काम किया।

- एक रोटी खिलाने के चक्कर में गोवंश को क्षमता से अधिक खिलाई रोटियां

इतना ज्यादा जागरूक करने के बावजूद लोगों की लापरवाही के चलते छह गोवंश की मौत हुई और 26 अब भी जिंदगी और मौत से लड़ रही हैं। गोरक्षा दल के सदस्य काफी दिन पहले से लोगों को जागरूक करने के लिए पंपलेट, होर्डिंग, लाउड स्पीकर पर अनाऊसमेंट करवाकर जागरूक करने का काम करते हैं। इस बार भी गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने नप प्रशासन, नगर पार्षदों व शहर के युवाओं को साथ लेकिर लोगों को पंपलेट, होर्डिंग, बैनर व अनाऊसमेंट करके जागरूक किया और शहर में खाली प्लॉटों में 12 अस्थायी बाड़े बनाकर सैंकड़ों गोवंश को रोका था।



भिवानी। महम रोड गोशाला में बीमार गोवंश का उपचार करते चिकित्सक।

**इन स्थानों पर बीमार मिला गोधन**

कच्चा, तला हुआ और क्षमता से अधिक रोटियां खिलाने पर शहर में विभिन्न स्थानों पर 16 व 12 गांवों में 16 गोवंश बीमार मिले। इन बीमार 32 गोवंश में से छह गोवंश को मौत हो गई और बाकि सभी की हालत गंभीर बनी हैं। शहर के ग्वार फैक्ट्री, बीटीएम चौक, बैंक कॉलोनी, महम रोड, जीतूवाला जोहड़, औद्योगिक नगर, राजीव कॉलोनी, डाबर कॉलोनी, कोंट रोड, सेक्टर 13, पीपलीवाली फाटक तथा गांव बडेसरा, निनान, चांग, उमरावत, बापोड़ा, लोहानी, पालुवास, धिराणा, धारेडू, कालूवास व देवसर सहित अनेक स्थानों पर 32 गोवंश बीमार अवस्था में मिले।

**जिला प्रशासन एक माह तक लगातार चलाए स्कूल व वार्डों में जागरूकता अभियान**

गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि लोगों की लापरवाही के चलते गोवंश की मौत हुई हैं और गोवंश बीमार भी हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं करने व बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान नहीं चलाए जाने के चलते हर वर्ष गोवंश की मौत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शहर के 31 वार्डों में नगर पार्षदों के नेतृत्व में एक माह पहले से जागरूक अभियान चलवाएं, ताकि इसकी जिम्मेदारी पार्षद लें। वहीं सभी स्कूलों में एक महीना पहले से बच्चे और स्टाफ के माध्यम से लोगों को जागरूक करने काम किया जाए।

**लोगों को जागरूक करें**

गोरक्षा दल के सदस्यों ने बताया कि गाय हमारी माता हैं, हमेशा उसका सम्मान करना चाहिए। श्राद्ध अमावस्या को हर कोई पितरों की आत्मा की शांति के लिए दान पुण्य करने के लिए गोवंश को गोग्रास खिलाता हैं और उसमें भी लापरवाही करके उनकी मौत का कारण बनता हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रतिदिन रोड पर भूखी घूमती रहती हैं।

## कृष्णा कॉलोनी में मकान में लगी आग घर में जल रही ज्योत के कारण हादसा

- दमकल कर्मी ने बच्ची को किया रेस्क्यू

**भिवानी।** भिवानी के कृष्णा कॉलोनी में एक मकान में आग लग गई जिस समय आग लगी उसे वक्त घर में परिवार के लोग माता के दर्शन करने के लिए गए हुए थे और घर में एक बच्ची दूसरी मंजिल पर थी वहीं पड़ोसियों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। वही बारे में जानकारी देते हुए फायर ऑपरेटर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी की भिवानी की कृष्णा कॉलोनी में मकान में आग लगी है इसके बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया उन्होंने बताया कि दूसरी मंजिल पर एक बच्ची फांसी हुई थी जिसको रेस्क्यू करके नीचे लाया गया और इसमें किसी की भी जान की हानि नहीं हुई है उन्होंने बताया कि घर में रखा हुआ सामान जल गया है ।

## विधायक को अपने निवास स्थल पर जाने के लिए लेना पड़ा ट्रैक्टर का सहारा



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि के घर व आसपास के एरिया के आगे बारिश का तीन से चार फुट तक पानी जमा होने पर विधायक को स्वयं ट्रैक्टर का सहारा लेकर घर जाना पड़ा। हालांकि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित बिजली विभाग, नगर पालिका आदि के कर्मचारी व अधिकारी मिलकर पानी निकासी के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। बिजली निगम व आसपास के एरिया का पानी निकालने के लिए दो पंप लगाए गए हैं जो 8 ईंची है जिन पर 30 एचपी की मोटर लगाई गई है जो एक मिनट में 6 अजार लीटर पानी को उठाकर आगे भेजने का काम करेंगी। पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारियों में उमेद सिंह, जयभगवान, सुनील, अमित, जयपाल आदि ने बताया जाता है कि हांसी चुंगी, बिजली निगम कार्यालय के आसपास व अन्य एरिया में डेढ़ से दो फुट पानी को उतारा गया है आगामी चार दिनों में पानी की समस्या शहर से बिल्कुल समाप्त हो जाएगी।

## आर्यन मान की जीत पर सामाजिक संगठनों ने खुशी जताई


**बाढ़ड़ा।** दिल्ली छात्र संघ चुनावों में एबीवीपी प्रत्याशी आर्यन मान की अब तक की सबसे रिकार्ड मतों से जीत पर सामाजिक संगठनों ने उनको बधाई दी है तथा प्रदेश के युवाओं को छात्र व खेलों में निरंतर आगे बढने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। पूर्व छात्र नेता जगदीप सांगवान ने कहा कि हरियाणा प्रदेश का युवा अपनी मेहनत, ताकत व दूरदर्शी सोच के चलते सदैव खेल, सेना व प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी नेतृत्व करने का काम किया है। ग्रामीण देहात में पैदा होकर आर्यन मान ने विश्व के सबसे बड़े शिक्षा के केन्द्र दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनावों में अब तक संपन्न हुए सभी चुनावों में सबसे अधिक मत पाकर इतिहास रचा है।

# डॉ. जयपाल को सम्मानित किया

- सम्मान एक प्रयास समिति ने शिक्षाविद् असि. प्रो. डॉ. जयपाल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

सम्मान एक प्रयास समिति द्वारा पंचायत भवन भिवानी में आयोजित अपने 18वें रक्तदान शिविर के अवसर पर चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम के शिक्षाविद् डॉ. जयपाल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जयन्त सिंगला तथा मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, विशिष्ट अतिथि डॉ. अतर सिंह यादव, डॉ, रणधीर सिंह रोहिल्ला व अन्य सम्मानित गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति में शिक्षाविद् असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जयपाल शास्त्री चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया।


तोशाम। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**जनसाधारण को सीखा रहे हैं संस्कृत**

शिक्षा जगत में डॉ. जयपाल के महनीय कार्य को देखते हुए यह पुरस्कार दिया गया। शास्त्री ने बताया की वे 23 वर्षों से संस्कृत सम्भाषण शिविरों का आयोजन कर जनसाधारण को संस्कृत भाषा सीखा रहे हैं। आज शिक्षा जगत में 500 से भी अधिक छात्र-छात्राएं सरकारी विद्यालयों में टीचर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय गोयल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**समस्याओं का अंबार** पार्षद संदीप यादव बोले-समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बैठेंगे धरने पर

सीवर का पानी चौक चौराहों के अलावा पहुंच रहा है सप्लाई के साथ घरों में

# शहर की पॉश कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का टोटा, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

वैसे तो शहर के अधिकांश इलाकों में दूषित पेयजल सप्लाई पहुंच रही है,लेकिन शहर की पॉश कॉलोनी(सेक्टर 13) में न तो सीवर व्यवस्था सही है और न ही पेयजल सप्लाई। प्रशासन की लापरवाही के चलते सीवरों का पानी चौक चौराहों पर जमा है। वहीं लोगों के घरों में पीने का पानी दूषित पहुंच रहा है। जिस वजह से लोग खासे परेशान है। वहीं बिजली के तार ढिल्ले होने के चलते आए दिन फाल्ट हो रहे है। जिस वजह से लोगों की अंधेरे में रातें कट रही है। दूसरी तरफ वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव ने चेतावनी दी है कि अगर सेक्टर 13 की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो वे सेक्टर के लोगों को साथ लेकर मुख्य चौक पर धरना देने पर मजबूर होंगे।


भिवानी। सड़कों पर फैले मेनहोल से निकले गंदे पानी को दिखाते पार्षद संदीप यादव व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**सीवर मार रहे है बैक**

सीवरों की सफाई न होने की वजह से सेक्टर 13 के सीवर बैक मार रहे है। पानी आगे बहने की बजाए सड़कों व चौक चौराहों पर मेनहोल उगल रहे है। सुबह व शाम के वक्त सीवरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। उसी गंदे पानी से वाहन व लोगों को निकलना पड़ रहा है। यह स्थिति आज से नहीं ,बल्कि कई दिनों से बनी हुई है।

**घरों में पहुंच रहा है दूषित पेयजल:** सेक्टर के लोगों ने बताया कि सेक्टर के घरों में आने वाली पानी की सप्लाई बेहद दूषित पहुंच रही है। जिस वक्त पानी की सप्लाई आती है तो करीब दस मिनट तक नलों से दूषित पानी उगलता है। उस पानी में बदबू आने की वजह से उसका प्रयोग किसी भी चीज में नहीं किया जा सकता।

**व्यवस्था बेहद लचर**

पार्षद संदीप यादव ने बताया कि कहने को तो सेक्टर 13 शहर की सबसे बेहतरीन कॉलोनियों में से एक है,लेकिन सुविधाओं के नाम पर जीरों है। सेक्टर 13 की सीवर व्यवस्था बेहद लचर है। रोजाना सीवर का पानी सड़क व गलियों में फैल रहा है। लोगों को उसी गंदे पानी से निकलकर जाना पड़ रहा है। यही नहीं कि दूषित पेयजल सप्लाई लोगों को अनेक तरह की पेट से संबंधित बीमारी दे रही है।

**ढीले तारों की वजह से हो रहे है फाल्ट**

सेक्टर 13 में अधिकांश जगहों पर पुरानी बिजली के तारों की लाइनें है। वे तार इतने जर्जर हो चुके है कि आए दिन बिजली के तार टूट कर सड़क पर गिर रहे है। दूसरी तरफ बिजली के तारों में फाल्ट होने की वजह से ट्रांसफार्मर भी पूरी बिजली की पॉवर नहीं दे रहे।